भारत सरकार
कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय
कृषि एवं किसान कल्याण विभाग
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 2571**
16 दिसंबर, 2025 को उत्तरार्थ

**विषय- किसानों की आय दोगुनी करने का लक्ष्य**

**2571. श्री खलीलुर रहमानः**

क्या **कृषि और किसान कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) गत पांच वर्षों के दौरान किसानों द्वारा अर्जित औसत आय का राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार ने किसानों की आय दोगुनी करने का कोई लक्ष्य निर्धारित किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

**उत्तर**

**कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री (श्री रामनाथ ठाकुर)**

(क): देश में कृषि परिवारों की औसत मासिक आय का आकलन समय-समय पर राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ), सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (एमओएसपीआई) द्वारा आयोजित "कृषि परिवारों की स्थिति आकलन सर्वेक्षण (एसएएस)" के माध्यम से किया जाता है। नवीनतम एनएसएस के 77वें दौर के सर्वेक्षण (जनवरी, 2019 - दिसंबर, 2019) के अनुसार, जुलाई, 2018-जून, 2019 के कृषि वर्ष के संदर्भ में, देश के ग्रामीण क्षेत्रों में विभिन्न स्रोतों से प्रति कृषि परिवार की अनुमानित औसत मासिक आय 10,218 रुपये प्रति माह है। जुलाई, 2018-जून, 2019 के कृषि वर्षों के लिए प्रति कृषि परिवार की औसत मासिक आय का राज्यवार विवरण **अनुबंध I** पर दिया गया है। चूंकि कृषि परिवारों की आय से संबंधित पिछला सर्वेक्षण 2019 में किया गया था, इसलिए पिछले पांच वर्षों के लिए प्रति कृषि परिवार की औसत मासिक आय का विवरण उपलब्ध नहीं है।

(ख) एवं (ग): सरकार ने अप्रैल 2016 में "किसानों की आय दोगुनी करने (डीएफआई)" से संबंधित मुद्दों की जांच करने और इसे प्राप्त करने के लिए कार्यनीतियों की सिफारिश करने हेतु एक अंतर-मंत्रालयी समिति का गठन किया था। समिति ने सितंबर 2018 में सरकार को अपनी अंतिम रिपोर्ट प्रस्तुत की, जिसमें कृषि के संपूर्ण क्षेत्र को कवर करते हुए विभिन्न नीतियों, सुधारों, विकास कार्यक्रमों और योजनाओं के माध्यम से किसानों की आय दोगुनी करने की सिफारिशें शामिल थीं। इसका उद्देश्य उत्पादन बढ़ाकर, लाभकारी प्रतिफल प्रदान करके और आय सहायता प्रदान करके देश में किसानों के कल्याण और आय में वृद्धि सुनिश्चित करना था। इस उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए, समिति ने किसानों के विकास को बढ़ाने के लिए निम्नलिखित सात स्रोतों की पहचान की है:

i. फसल उत्पादकता में वृद्धि
ii. पशुधन उत्पादकता में वृद्धि
iii. संसाधन उपयोग दक्षता – उत्पादन लागत में कमी
iv. फसल गहनता में वृद्धि
v. उच्च मूल्य वाली कृषि की ओर विविधीकरण
vi. किसानों की उपज का लाभकारी मूल्य
vii. अधिशेष जनशक्ति का कृषि से गैर-कृषि व्यवसायों में अंतरण।

उपर्युक्त सात उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए, सरकार ने कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के बजट आवंटन को वर्ष 2013-14 के दौरान 21933.50 करोड़ रुपये से बढ़ाकर वर्ष 2025-26 के दौरान 1,27,290.16 करोड़ रुपये कर दिया है। भारत सरकार की विभिन्न योजनाएँ/कार्यक्रम किसानों के कल्याण के लिए हैं, जिनका उद्देश्य उत्पादन बढ़ाना, लाभकारी प्रतिफल प्रदान करना और किसानों को आय सहायता प्रदान करना है। इन योजनाओं में कृषि का समग्र क्षेत्र शामिल हैं, जिनमें ऋण, बीमा, आय सहायता, इन्फ्रास्ट्रक्चर, बागवानी सहित फसलें, बीज,

मशीनीकरण, मार्केटिंग, जैविक और प्राकृतिक खेती, किसान समूह, सिंचाई, कृषि विस्तार, किसानों से न्यूनतम समर्थन मूल्य पर फसलों की खरीद, डिजिटल कृषि आदि शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, सरकार ने वर्ष 2018-19 से अखिल भारतीय भारित औसत उत्पादन लागत पर न्यूनतम 50 प्रतिशत प्रतिलाभ के साथ सभी अनिवार्य खरीफ, रबी और अन्य वाणिज्यिक फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में वृद्धि की थी। इन पहलों से पिछले पांच वर्षों में किसानों की आय में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा कार्यान्वित की जा रही केंद्रीय क्षेत्र और केंद्र प्रायोजित योजनाओं की सूची **अनुबंध II** पर दी गई है।

**अनुबंध।**

**“किसानों की आय दोगुनी करने का लक्ष्य” के संदर्भ में लोक सभा में 16.12.2025 को उत्तरार्थ अतारांकित प्रश्न संख्या 2571 के भाग (क) के संबंध में उललिखित विवरण।**

**राज्य/संघ शासित क्षेत्र के अनुसार कृषि वर्ष जुलाई 2018 से जून 2019 के दौरान कृषि परिवारों की औसत मासिक आय**

| **क्र.सं.** | **राज्य/पूर्वोत्तर राज्यों का समूह/ संघ शासित क्षेत्रों का समूह** | **आय (रुपये)** |
|---|---|---|
| 1 | आंध्र प्रदेश | 10,480 |
| 2 | अरुणाचल प्रदेश | 19,225 |
| 3 | असम | 10,675 |
| 4 | बिहार | 7,542 |
| 5 | छत्तीसगढ़ | 9,677 |
| 6 | गुजरात | 12,631 |
| 7 | हरियाणा | 22,841 |
| 8 | हिमाचल प्रदेश | 12,153 |
| 9 | जम्मू एवं कश्मीर | 18,918 |
| 10 | झारखंड | 4,895 |
| 11 | कर्नाटक | 13,441 |
| 12 | केरल | 17,915 |
| 13 | मध्य प्रदेश | 8,339 |
| 14 | महाराष्ट्र | 11,492 |
| 15 | मणिपुर | 11,227 |
| 16 | मेघालय | 29,348 |
| 17 | मिजोरम | 17,964 |
| 18 | नागालैंड | 9,877 |
| 19 | ओडिशा | 5,112 |
| 20 | पंजाब | 26,701 |
| 21 | राजस्थान | 12,520 |
| 22 | सिक्किम | 12,447 |
| 23 | तमिलनाडु | 11,924 |
| 24 | तेलंगाना | 9,403 |
| 25 | त्रिपुरा | 9,918 |
| 26 | उत्तराखंड | 13,552 |
| 27 | उत्तर प्रदेश | 8,061 |
| 28 | पश्चिम बंगाल | 6,762 |
| | **पूर्वोत्तर राज्यों का समूह** | **16,863** |
| | **संघ शासित क्षेत्रों का समूह** | **18,511** |
| | **अखिल भारत** | **10,218** |

स्रोत: एनएसएस रिपोर्ट संख्या *587:* ग्रामीण भारत में कृषि परिवारों और परिवारों की भूमि और पशुधन का स्थिति आकलन, *2019 /*

**अनुबंध II**

**"किसानों की आय दोगुनी करने का लक्ष्य" के संदर्भ में लोक सभा में 16.12.2025 को उत्तरार्थ अतारांकित प्रश्न संख्या 2571 के भाग (ख) और (ग) के संबंध में उल्लिखित विवरण।**

किसानों के कल्याण के लिए उत्पादन बढ़ाने, लाभकारी प्रतिफल प्रदान करने और आय में सहायता देने हेतु प्रमुख योजनाएँ/कार्यक्रम:

1. राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा एवं पोषण मिशन (एन.एफ.एस.एन.एम.)
2. राष्ट्रीय खाद्य तेल मिशन (एन.एम.ई.ओ.) – ऑयल पाम
3. राष्ट्रीय खाद्य तेल मिशन (एन.एम.ई.ओ.) – तिलहन
4. राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन (एन.एम.एन.एफ.)
5. परम्परागत कृषि विकास योजना (पी.के.वी.वाई.)
6. मृदा स्वास्थ्य एवं उर्वरता (एस.एच. एंड एफ.)
7. वर्षा सिंचित क्षेत्र विकास (आर.ए.डी.)
8. कृषि वानिकी
9. फसल विविधीकरण कार्यक्रम (सी.डी.पी.)
10. कृषि विस्तार उप-मिशन (एस.एम.ए.ई.)
11. बीज एवं रोपण सामग्री उप-मिशन (एस.एम.एस.पी.)
12. समेकित बागवानी विकास मिशन (एम.आई.डी.एच.)
13. राष्ट्रीय बांस मिशन
14. राष्ट्रीय मधुमक्खी पालन और शहद मिशन (एन.बी.एच.एम.)
15. पूर्वोत्तर क्षेत्र जैविक मूल्य श्रृंखला विकास मिशन
16. प्रति बूंद अधिक फसल (पी.डी.एम.सी.)
17. इंटीग्रेटेड स्कीम फ़ॉर एग्रीकल्चर मार्केटिंग (आई.एस.ए.एम.)
18. प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान)
19. प्रधानमंत्री किसान मान-धन योजना (पीएम-के.एम.वाई.)
20. प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (पी.एम.एफ.बी.वाई.) / रीस्ट्रक्चर्ड वेदर बेस्ड क्रॉप इंश्योरेंस स्कीम (आर.डब्ल्यू.बी.सी.आई.एस.)
21. प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान (पीएम-आशा)
22. संशोधित ब्याज अनुदान योजना (एम.आई.एस.एस.)
23. एग्रीकल्चर इन्फ्रास्ट्रक्चर फंड (ए.आई.एफ.)
24. 10,000 नए किसान उत्पादक संगठनों (एफ.पी.ओ.) का गठन और संवर्धन
25. नमो ड्रोन दीदी
26. स्टार्ट-अप और ग्रामीण उद्यमों के लिए एग्री फंड (एग्रीश्योर)
27. कृषि मशीनीकरण उप-मिशन (एस.एम.ए.एम.)
28. डिजिटल एग्रीकल्चर मिशन

*****